प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न : शाम छह बजे तक 58 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में कर रहे हैं रोड–शो : कल दाखिल करेंगे नामांकन।
3. लोकसभा चुनाव के लिय प्रदेश में चुनाव प्रचार हुआ तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली और बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में जनसभा को किया संबोधित।

और

4. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे किए घोषित : लड़कियों ने मारी बाजी।

———————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच पर आज मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस चरण में शाहजहांपुर के

ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये भी मतदान हुआ। 13 लोकसभा सीटों समेत एक विधानसभा सीट के लिये मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चला।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक 58 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे तक सबसे अधिक खीरी में 64 दशमालव चार पांच प्रतिशत के करीब मतदान और सबसे कम कानपुर में 53 प्रतिशत के करीब मतदान की सूचना है। वहीं ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये शाम छह बजे तक 53 दशमलव तीन एक प्रतिशत मतदान की खबर है।

आज के मतदान से कई प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला होगा। खीरी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद और गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी एकबार फिर अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं।

*खीरी से हमारे साथ जुड़ रहे हैं हमारे प्रतिनिधि श्यामजी अग्निहोत्री.......*

*श्यामजी खीरी में आज कैसा मतदान रहा.........?*

पिछले संसदीय चुनाव में इन सभी 13 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों ने विजय हासिल की थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के सुब्रत पाठक चुनाव जीते थे। वह इस बार भी भाजपा

प्रत्याशी के रूप में चुनावी समर में हैं। उन्नाव संसदीय सीट से सच्चिदानन्द साक्षी पुनः भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं, उनके खिलाफ गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनु टंडन चुनाव लड़ रही हैं। अनु टंडन 2009 में कांग्रेस के टिकट पर यहां से निर्वाचित हो चुकी है। वहीं हरदोई लोकसभा सीट पर भाजपा से जय प्रकाश रावत और इंडी गठबंधन से सपा की ऊषा वर्मा चुनावी मैदान में हैं। हरदोई से हमारे साथ जुड़ रहे है हमारे प्रतिनिधि आकाश शुक्ला....

*हरदोई में आज के मतदान को कैसे देखते हैं आप ?*

————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया कल समाप्त हो जायेगी। नामांकन के सातवें दिन मिर्जापुर से आज एनडीए गठबंधन के अपना दल–सोनेलाल से अनुप्रिया पटेल और इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी रमश बिंद सहित 8 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बांसगांव लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी से रामसमुझ और निर्दलोय श्रवण कुमार निराला ने आज अपना नामांकन पत्र जमा किया। वहीं गोरखपुर लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन की काजल निषाद समेत दस प्रत्याशियों ने आज पर्चा दाखिल किया। कुशीनगर सीट से आज बसपा प्रत्याशी शुभनारायण चौहान समेत पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इस चरण के लिये अब तक 112 से अधिक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। इस चरण के लिए 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 में आज चौथे चरण के मतदान के साथ प्रदेश की 80 में से 39 सीटों पर प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत ईवीएम में बंद

हो गई। शेष तीन चरणों में बची 41 संसदीय सोटों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक लगातार जनसभाएं और रोड–शो कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड–शो किया। श्री मोदी कल वाराणसी संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.......

*काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से दिल का नाता है। यह बात वो खुद कहते हैं और उनकी बात–व्यवहार में भी दिख जाता है। इस बार जब वह बनारस से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार नामांकन करने आए है तो नामांकन से पूर्व उन्होंने भव्य रोड शो के माध्यम से काशी की जनता को अपने से जोड़ते हुए उसका अभिवादन स्वीकार किया। सबसे पहले उन्होंने लंका स्थित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इसकी शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस दौरान उनके साथ है रास्ते भर लघु भारत की तस्वीर को प्रदर्शित करने वाली जनता भी उनकी एक झलक पाने को आतुर दिख रही है। लगभग 5 किलोमीटर का यह रोड शो बाबा विश्वनाथ के दरबार पर जाकर समाप्त होगा, जहां पर नरेंद्र मोदी ने बाबा विश्वनाथ का पूजन अर्चन कर काशी सहित देश की प्रगति की कामना करेंगे। नरेंद्र मोदी कल सुबह बाबा काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त कर कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिये वाराणसी से मनीष सिंह।*

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी, रायबरेली और बांदा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर तबके को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ

दिया गया है। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते भारत को देखा है, जिसने आतंकवाद पर काबू पाया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में आज जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों और किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से सोच समझकर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके वोट से लोकतंत्र की रक्षा ही नहीं होगी बल्कि आपके परिवार की किस्मत भी बदलेगी। राहुल गांधी ने वादा किया कि केंद्र में सरकार बनते ही एक वर्ष के अंदर युवाओं को पक्की नौकरियां दी जाएंगी। जनसभा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज लखनऊ और मोहनलालगंज के प्रत्याशियों के समर्थन में लखनऊ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है। भाजपा की जुमनेबाजी और गारंटी इस चुनाव में काम नहीं आयेगी।

——————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि 12वीं में कुल 87 दशमलव नौ—आठ प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह—पांच

प्रतिशत अधिक है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93 दशमलव छह–शून्य रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव सात–पांच है, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92 दशमलव सात–एक है। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीबीएसई रिजल्ट्स डॉट एनआईसी डॉट इन के साथ–साथ डिजीलॉकर और उमंग ऐप्स पर भी देखे सकते हैं।

———————

लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ जूनियर 30 का आज आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता में यूक्रेन और अमरीका समेत भारत के 125 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एडीजी ट्रैफिक बी डी पालसन ने उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। वहीं उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में टेनिस का कल्चर तेज़ी से बढ़ा है।

(समाप्त)